BYJU'S
The Learning App

# यूपीएससी प्रारंभिक अभ्यास प्रश्न - सेट 2

प्रश्न 1: 'खैबर दर्रा' किसके बीच एक पहाड़ी दर्रा है?

a) पाकिस्तान और अफगानिस्तान
b) अफ़ग़ानिस्तान और उज़्बेकिस्तान
c) अफगानिस्तान और ताजिकिस्तान
d) अफगानिस्तान और तुर्कमेनिस्तान

प्रश्न 2: निम्नलिखित में से कौन सा/से न्यायिक देरी के संभावित कारण है/हैं ?

1. कानूनों में अस्पष्टता
2. जनसंख्या अनुपात की तुलना में न्यायाधीशों की कम संख्या
3. न्यायिक रिक्तियां
4. संसदीय लोकतंत्र

निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन कीजिए:

a) 1 और 2
b) 1, 2 और 3
c) 2 और 3
d) उपर्युक्त सभी

प्रश्न 3: 'ऑपरेशन मेघदूत' था:

a) सियाचिन हिमनद पर नियंत्रण स्थापित करने के लिए एक अभियान।
b) हैदराबाद के निज़ाम के शासन को समाप्त करने के लिए एक अभियान।
c) कारगिल क्षेत्र से घुसपैठियों को खदेड़ने के लिए भारतीय अभियान।
d) भूकंप प्रभावित नेपाल में भारतीय सेना के नेतृत्व में बचाव और राहत मिशन।

प्रश्न 4: निम्नलिखित में से कौन सा/से सुमेलित है/हैं ?

| जल विवाद | संबंधित राज्य |
|---|---|
| 1. बसंधारा जल विवाद | A. आंध्र प्रदेश, ओडिशा |
| 2. रावी और व्यास जल विवाद | B. पंजाब, हरियाणा, राजस्थान |
| 3. महादयी जल विवाद | C. गोवा, कर्नाटक, महाराष्ट्र |

4. महानदी जल विवाद D. छत्तीसगढ़, उड़ीसा

निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन कीजिए:

a) 1-A, 2-B, 3-C, 4-D
b) 1-D, 2-C, 3-B, 4-A
c) 1-B, 2-A, 3-D, 4-C
d) 1-A, 2-C, 3-B, 4-D

प्रश्न 5: भारतीय इतिहास के संदर्भ में, 1884 का रखमाबाई मामला किस पर केंद्रित था?

1. महिलाओं का शिक्षा पाने का अधिकार
2. सहमति की आयु
3. दांपत्य अधिकारों का प्रत्यास्थापन

निम्नलिखित कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए:

a) केवल 1 और 2
b) केवल 2 और 3
c) केवल 1 और 3
d) 1, 2 और 3

प्रश्न 6. जलवायु परिवर्तन प्रदर्शन सूचकांक (CCPI) के संदर्भ में, दिए गए कथनों में से कौन सा/से गलत है/हैं?

1. यह जलवायु परिवर्तन पर अंतर-सरकारी पैनल (IPCC) द्वारा डिजाइन और प्रकाशित एक वार्षिक सूचकांक है।
2. यह हरितगृह गैस उत्सर्जन, अक्षय ऊर्जा, ऊर्जा उपयोग और जलवायु नीति के आधार पर राष्ट्रीय प्रदर्शन का आकलन करता है।
3. भारत CCPI 2021 में शीर्ष 10 देशों में शामिल है।

विकल्प:

a) केवल 1
b) केवल 1 और 2
c) केवल 3
d) उपर्युक्त में से कोई भी नहीं

प्रश्न 7. काला अजार (विसरल लीशमैनियासिस) के संदर्भ में, दिए गए कथनों में से कौन सा/से गलत है/हैं?

1. यह प्रोटोजोआ परजीवी के कारण होने वाली उपेक्षित उष्णकटिबंधीय बीमारियों में से एक है।
2. यह मादा फ़्लेबोटोमाइन सैंडफ्लाइज़ (Phlebotomine sandflies) के काटने से फैलता है।
3. यह भारतीय उपमहाद्वीप के लिए स्थानिक है।
4. भारत में, संक्रमण के एकमात्र ज्ञात श्रोत मनुष्य हैं।

विकल्प:

a) केवल 2 और 4
b) केवल 1 और 3
c) केवल 3 और 4
d) उपर्युक्त में से कोई भी नहीं

प्रश्न 8. राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र (NCDC) के संदर्भ में, दिए गए कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

1. इसकी उत्पत्ति केंद्रीय मलेरिया ब्यूरो से हुई है।
2. यह भारत में संचारी और गैर-संचारी रोगों की निगरानी, रोकथाम और नियंत्रण के लिए नोडल एजेंसी है।
3. विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा वित्त पोषित एकीकृत रोग निगरानी कार्यक्रम (IDSP) राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र के तहत एक इकाई है।

विकल्प:

a) केवल 1
b) केवल 3
c) केवल 1 और 2
d) केवल 1, 2 और 3

प्रश्न 9. निम्नलिखित में से कौन विदेशी अंशदान नियमन अधिनियम (FCRA) के अनुसार विदेशी अंशदान प्राप्त नहीं कर सकता है?

1. राजनीतिक दल
2. चुनाव के लिए एक उम्मीदवार
3. किसी पंजीकृत समाचार पत्र का प्रकाशक
4. किसी भी विधायिका के सदस्य
5. किसी पंजीकृत समाचार पत्र का संपादक या संवाददाता

विकल्प:

a) केवल 1 और 2
b) केवल 2 और 4
c) केवल 1, 2, 3 और 4
d) 1, 2, 3, 4 और 5

प्रश्न 10. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए:

| आंदोलन | | नायक |
|---|---|---|
| 1. अखिल भारतीय अस्पृश्यता विरोधी लीग | : | महात्मा गांधी |
| 2. अखिल भारतीय किसान सभा | : | स्वामी सहजानंद सरस्वती |
| 3. आत्म सम्मान आंदोलन | : | ई.वी. रामास्वामी नायकर |

उपर्युक्त युग्मों में से कौन सा/से सुमेलित है/हैं?

a) केवल 1
b) केवल 1 और 2
c) केवल 2 और 3
d) 1, 2 और 3

प्रश्न 11. वित्तीय समावेशन (FI) सूचकांक के संदर्भ में, दिए गए कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

1. यह भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा शुरू किया गया एक सूचकांक है जिसमें बैंकिंग, निवेश, बीमा, डाक और पेंशन क्षेत्र के विवरण शामिल हैं।
2. इसमें तीन व्यापक पैरामीटर - पहुँच, उपयोग और गुणवत्ता उच्चतम वेटेज के साथ शामिल हैं
3. वित्तीय समावेशन सूचकांक का आधार वर्ष वित्त वर्ष 2020-21 होगा।

विकल्प:

a) केवल 1 और 3
b) केवल 2 और 3
c) केवल 1
d) 1, 2 और 3

प्रश्न 12. अटल नवाचार मिशन (AIM) के संदर्भ में, दिए गए कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

1. यह विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय की एक प्रमुख पहल है।

2. उद्यमिता संवर्धन और नवाचार संवर्धन इसके दोहरे उद्देश्य हैं।
3. ARISE-ANIC को मिशन के तहत समर्पित नवाचार कार्यस्थल स्थापित करके स्कूलों में रचनात्मक, नवप्रवर्तनशील मानसिकता को बढ़ावा देने के लिए शुरू किया गया था।

विकल्प:

a) केवल 2
b) केवल 1 और 3
c) केवल 2 और 3
d) उपर्युक्त में से कोई भी नहीं

प्रश्न 13. हस्तक्षेप की 3 श्रेणियां - शिशु, किशोर, तरुण - निम्नलिखित में से किस सरकारी योजना/कार्यक्रम से संबंधित हैं?

a) मिशन इन्द्रधनुष
b) प्रधानमंत्री जननी सुरक्षा योजना
c) प्रधानमंत्री मुद्रा योजना
d) प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना

प्रश्न 14. निम्नलिखित में से कौन सा कथन भारतीय सेना के 'ऑपरेशन सद्भावना' का सर्वोत्तम वर्णन करता है?

a) मानवीय सहायता जिसने बांग्लादेश में रोहिंग्या शरणार्थियों को राहत पैकेज की आपूर्ति की।
b) जम्मू और कश्मीर में नागरिक आउटरीच कार्यक्रम जिसका उद्देश्य दोनों केंद्र शासित प्रदेशों के निवासियों के दिल और दिमाग को जीतना है।
c) सेना के प्रति सौहार्दपूर्ण भावनाओं और सकारात्मक दृष्टिकोण को विकसित करने के लिए भारत के उत्तरी-पूर्वी राज्यों में लोगों के लिए नागरिक कार्रवाई कार्यक्रम।
d) अफगान बलों और तालिबान आतंकवादियों के बीच भीषड़ लड़ाई के मद्देनजर काबुल में भारतीय दूतावास में फंसे राजनयिकों और सुरक्षा कर्मियों को वापस लाने के लिए शुरू किया गया निकासी अभियान।

प्रश्न 15. भारत के सांस्कृतिक इतिहास के संदर्भ में, 'परामिता' शब्द का सही वर्णन निम्नलिखित में से कौन सा है?

a) सूत्र पद्धति में लिखे गए प्राचीनतम धर्मशास्त्र पाठ।
b) वेदों के प्राधिकार को अस्वीकार करने वाले दार्शनिक संप्रदाय।
c) परिपूर्णताएँ जिनकी प्राप्ति से बोधिसत्व पथ प्रशस्त हुआ।
d) आरंभिक मध्यकालीन दक्षिण भारत की शक्तिशाली व्यापारी श्रेणियाँ।

प्रश्न 16. दिए गए कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

1. वियना सम्मेलन और मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल का मुख्य उद्देश्य ओजोन परत का संरक्षण है।
2. किगाली संशोधन के तहत, मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल में शामिल पक्ष हाइड्रोक्लोरोफ्लोरोकार्बन के उत्पादन और खपत को चरणबद्ध तरीके से कम करेंगे।
3. हाइड्रोफ्लोरोकार्बन बड़े पैमाने पर शक्तिशाली हरितगृह गैसें हैं जो समताप मंडल के ओजोन के बड़े पैमाने पर विनाश का कारण बनती हैं।

विकल्प:

a) केवल 1
b) केवल 3
c) केवल 1 और 3
d) 1, 2 और 3

प्रश्न 17. दिए गए कथनों में से कौन सा/से लोकसभा के स्पीकर के संदर्भ में गलत है/हैं:

1. स्वतंत्रता और निष्पक्षता के संवैधानिक दायित्व का सम्मान करने के लिए अध्यक्ष चुने जाने के तुरंत बाद उन्हें राजनीतिक दल से इस्तीफा देना अनिवार्य है।
2. अध्यक्ष को सदन से किसी सदस्य के निलंबन का आदेश देने और ऐसे आदेश को रद्द करने का अधिकार है।
3. जब लोकसभा भंग हो जाती है तो अध्यक्ष अपना कार्यालय अविलंब खाली कर देगा।

विकल्प:

a) केवल 1 और 3
b) केवल 2 और 3
c) 1, 2 और 3
d) केवल 1

प्रश्न 18. हिंद महासागर रिम एसोसिएशन (IORA) के संदर्भ में, दिए गए कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

1. यह भारत और दक्षिण अफ्रीका की एक पहल द्वारा गठित किया गया था।
2. सभी क्वाड सदस्य इसके सदस्य राष्ट्रों में से हैं।
3. हिंद महासागर संवाद (IOD) IORA की एक प्रमुख पहल है।
4. इसने गुरुग्राम में सूचना संलयन केंद्र - हिंद महासागर क्षेत्र (IFC-IOR) की स्थापना की है।

विकल्प:

a) केवल 2
b) केवल 1 और 3
c) केवल 1, 2 और 4
d) केवल 3 और 4

प्रश्न 19. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए:

| त्यौहार | जनजाति |
|---|---|
| 1. वाचवा | तिवा |
| 2. न्योकुम | न्यिशि |
| 3. मायोको | लुशाई |

विकल्प:

a) केवल 3
b) केवल 2 और 3
c) केवल 1 और 2
d) 1, 2 और 3

प्रश्न 20. 'व्यापक-आधारित व्यापार और निवेश समझौता (Broad-based Trade and Investment Agreement - BTIA)' को कभी-कभी भारत और किसके बीच हुई वार्ता के संदर्भ में समाचारों में देखा जाता है।

a) यूरोपीय संघ
b) खाड़ी सहयोग परिषद
c) आर्थिक सहयोगिता और विकास संगठन
d) शंघाई सहयोग संगठन

प्रश्न 21. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए कौन सा\से सही है\हैं :

1. भारत में गन्ना खरीफ फसल के रूप में उगाया जाता है।
2. गन्ने की कीमतें केंद्र और राज्यों दोनों द्वारा निर्धारित की जाती हैं।
3. गन्ने का उचित और लाभकारी मूल्य (FRP) कृषि लागत और मूल्य आयोग (CACP) द्वारा स्वीकृत किया जाता है।
4. भारत खपत से अधिक चीनी का उत्पादन करता है।

विकल्प:

a) केवल 1, 2 और 4
b) केवल 1 और 2
c) केवल 2 और 3
d) 1, 2, 3 और 4

प्रश्न 22. राष्ट्रीय संवर्धित ऊर्जा दक्षता मिशन (NMEEE) के तहत निम्नलिखित में से कौन सी योजनाएँ शुरू की गई हैं?

1. ऊर्जा दक्षता वित्तपोषण मंच (EEFP)
2. प्रदर्शन, उपलब्धि और व्यापार योजना (PAT)
3. उज्ज्वल डिस्कॉम एश्योरेंस योजना (UDAY)
4. ऊर्जा दक्षता के लिए बाजार परिवर्तन (MTEE)
5. ऊर्जा कुशल आर्थिक विकास की रूपरेखा (FEEED)

विकल्प:

a) केवल 2 और 3
b) केवल 1, 4 और 5
c) केवल 2, 3, 4 और 5
d) केवल 1, 2, 4 और 5

प्रश्न 23. भारतीय नौसेना ने किसके साथ 'जायद तलवार 2021' नामक द्विपक्षीय अभ्यास किया था?

a) सऊदी अरब
b) संयुक्त अरब अमीरात
c) कतर
d) बहरीन

प्रश्न 24. यह बंदरगाह रणनीतिक रूप से ओमान के दक्षिणी-पूर्वी तट पर स्थित है। यह अरब सागर और अदन की खाड़ी में महत्वपूर्ण समुद्री मार्गों तक फैला हुआ है। वर्ष 2018 में, भारत ने सैन्य उपयोग और सैन्य सहायता के लिए इस बंदरगाह तक पहुंच हासिल की थी।

जिस बंदरगाह के बारे में चर्चा की जा रही है, वह है:

a) खासाब बंदरगाह

b) चाबहार बंदरगाह
c) दुक़्म बंदरगाह
d) बंदर अब्बास बंदरगाह

प्रश्न 25. निम्नलिखित में से कौन सूर्य मंदिरों के लिए प्रसिद्ध है/हैं?

1. अरसावल्ली
2. अमरकंटक
3. ओंकारेश्वर

निम्नलिखित कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए:

a) केवल 1
b) केवल 2 और 3
c) केवल 1 और 3
d) 1, 2 और 3

प्रश्न 26. ग्रीन हाइड्रोजन के संबंध में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से गलत है/हैं?

1. जब उत्पादन प्रक्रिया से उत्पन्न कार्बन उत्सर्जन को कैप्चर कर संग्रह किया जाता है, तो ऐसे हाइड्रोजन को ग्रीन हाइड्रोजन कहा जाता है।
2. ताप-विघटन (Pyrolysis) इसके उत्पादन के लिए अपनाई जाने वाली प्रक्रिया है।
3. यह हाइड्रोजन उत्पादन (generation) का सबसे स्वच्छ रूप है क्योंकि इसके  उप-उत्पाद (by-products) के रूप में केवल जल और जल-वाष्प होते हैं।

विकल्प:

a) केवल 1 और 3
b) केवल 2 और 3
c) केवल 1 और 2
d) इनमे से कोई भी नहीं

प्रश्न 27. निम्नलिखित यूनेस्को विश्व धरोहर स्थलों में से कौन सा\से पत्थर के रथ\रथों के लिए जाना जाता है?

1. महाबलीपुरम
2. कोणार्क सूर्य मंदिर
3. पट्टदकल (Pattadakal)

4. हम्पी

विकल्प:

a) केवल 1, 2 और 4
b) केवल 2 और 3
c) केवल 1 और 4
d) 1, 2, 3 और 4

Q28. रक्षा क्षेत्र में स्वदेशीकरण (indigenization) को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा निम्नलिखित में से कौन से कदम उठाए गए हैं?

1. रक्षा क्षेत्र में स्वचालित मार्ग (Automatic Route) के माध्यम से 51% तक FDI की अनुमति है।
2. रक्षा क्षेत्र में सरकारी मार्ग द्वारा 100% तक FDI की अनुमति है।
3. रक्षा उत्कृष्टता ढांचे के लिए नवाचारों (Innovations for Defence Excellence -iDEX) की स्थापना।
4. सकारात्मक स्वदेशीकरण सूची (positive indigenisation list) को अधिसूचित करना।

विकल्प:

a) केवल 3 और 4
b) केवल 2, 3 और 4
c) केवल 1, 2 और 4
d) 1, 2, 3 और 4

Q29. माजुली द्वीप के संबंध में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. यह नव-वैष्णव अध्यात्मवाद का मुख्य केंद्र (nerve centre) है।
2. यह असम का एकमात्र भू-विरासत स्थल है।
3. यह ब्रह्मपुत्र में सबसे छोटे बसे हुए द्वीपों में से एक है और एक तैरता हुआ (floating) वन्यजीव निवास स्थान है।

विकल्प:

a) केवल 1 और 2
b) केवल 2 और 3
c) केवल 1
d) 1, 2 और 3

Q30. प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. यह श्रम एवं रोजगार मंत्रालय की प्रमुख योजना है।
2. यह अन्य चीजों के साथ-साथ, सॉफ्ट स्किल्स, उद्यमिता, वित्तीय और डिजिटल साक्षरता में भी प्रशिक्षण उपलब्ध कराएगी।
3. यह देश के अविनियमित कार्यबल की कार्यकुशलताओं को राष्ट्रीय कौशल योग्यता ढांचा (National Skill Qualification Framework) के साथ जोड़ेगी।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a) केवल 1 और 3
b) केवल 2
c) केवल 2 और 3
d) 1, 2 और 3

प्रश्न 31: निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. स्वतंत्र भारत में वर्ष 1951 से लेकर 2011 तक की प्रत्येक जनगणना में अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों पर आंकड़े प्रकाशित किए गए हैं, लेकिन अन्य जातियों पर नहीं।
2. दशकीय जनगणना के संचालन का उत्तरदायित्व भारत के महापंजीयक एवं जनगणना आयुक्त के कार्यालय का होता है जो सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के अंतर्गत आता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं:

a) केवल 1
b) केवल 2
c) दोनों
d) कोई भी नहीं

प्रश्न 32: सामाजिक-आर्थिक एवं जाति आधारित जनगणना (SECC) 2011 के निम्नलिखित में से कौन से उद्देश्य थे?

1. परिवारों को उनकी सामाजिक-आर्थिक स्थिति के आधार पर रैंक किए जाने हेतु सक्षम बनाना।
2. प्रामाणिक जानकारी उपलब्ध कराना जिससे देश की जातिवार जनसंख्या की गणना की जा सके।
3. विभिन्न जातियों और आबादी के वर्गों की सामाजिक आर्थिक स्थिति और शिक्षा की स्थिति के बारे में प्रामाणिक जानकारी उपलब्ध कराना।

निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन कीजिए:

a) केवल 1
b) केवल 2
c) 1 और 3
d) उपर्युक्त सभी

प्रश्न 33: मालाबार नौसैनिक अभ्यास के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

1. यह 4 क्वाड देशों के बीच पैसेज अभ्यासों (Passage Exercises) पर केंद्रित है।
2. इसकी शुरुआत वर्ष 1992 में भारतीय और अमेरिकी नौसेनाओं के बीच द्विपक्षीय अभ्यास के रूप में हुई थी।
3. जापान वर्ष 2015 में अभ्यास में शामिल हुआ था।

निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन कीजिए:

a) 1 और 2
b) 1 और 3
c) 2 और 3
d) उपर्युक्त सभी

प्रश्न 34: शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र उच्चायुक्त के कार्यालय के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र उच्चायुक्त के कार्यालय की संविधि को संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा वर्ष 1950 में अपनाया गया था।
2. उच्चायुक्त वार्षिक आधार पर महासभा को रिपोर्ट करता है।
3. उच्चायुक्त का कार्य पूर्णतया गैर-राजनीतिक स्वरूप का होगा।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

a) 1 और 2
b) 1 और 3
c) 2 और 3
d) उपर्युक्त सभी

प्रश्न 35: गांधी-इरविन समझौते में निम्नलिखित में से क्या सम्मिलित था/थे?

1. गोलमेज सम्मेलन में भाग लेने के लिए कांग्रेस को आमंत्रित करना।
2. सविनय अवज्ञा आंदोलन के संबंध में जारी किए गए अध्यादेशों को वापस लेना।

3. पुलिस की ज्यादतियों की जांच करने हेतु गांधीजी के सुझाव की स्वीकृति।
4. केवल उन्हीं कैदियों की रिहाई जिन पर हिंसा का अभियोग नहीं था।

निम्नलिखित कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए:

a) केवल 1
b) केवल 1, 2 और 4
c) केवल 3
d) केवल 2, 3 और 4

प्रश्न 36. पेरिस समझौते के लक्ष्यों को प्राप्त करने के प्रयासों में, जलवायु कार्रवाई एवं वित्तीय संग्रहण संवाद यानी क्लाइमेट एक्शन एंड फाइनेंस मोबिलाइजेशन डॉयलॉग (CAFMD) भारत और किसके बीच साझेदारी का एक भाग है?

a) यूरोपीय संघ
b) यूनाइटेड किंगडम
c) संयुक्त राज्य अमेरिका
d) ऑस्ट्रेलिया

प्रश्न 37. वैश्विक विनिर्माण जोखिम सूचकांक के संदर्भ में, दिए गए कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

1. यह विश्व बैंक द्वारा प्रतिवर्ष प्रकाशित किया जाता है।
2. वैश्विक विनिर्माण जोखिम सूचकांक 2021 के अनुसार भारत दूसरा सबसे आकर्षक विनिर्माण गंतव्य बन गया है।
3. यह सूचकांक विनिर्माण को प्रभावित करने वाली लागत, जोखिम और परिस्थितियों का आकलन करके 190 देशों को एक दूसरे की तुलना में रैंक प्रदान करता है।

विकल्प:

a) केवल 1 और 3
b) केवल 2
c) केवल 1 और 2
d) केवल 2 और 3

प्रश्न 38. निधि कंपनियों के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. यह भारतीय गैर-बैंकिंग वित्त क्षेत्र में एक प्रकार की कंपनी है, जिसे कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 406 के तहत मान्यता प्राप्त है।
2. इसके मुख्य व्यवसाय में इसके सदस्यों या शेयरधारकों के बीच पैसे उधार देना और लेना शामिल है।
3. निधि कंपनी को संचालित करने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) से लाइसेंस लेने की आवश्यकता नहीं होती है।

दिए गए कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a) केवल 1
b) केवल 2 और 3
c) केवल 2
d) 1, 2 और 3

प्रश्न 39. लेबनान के संदर्भ में, दिए गए कथनों में से कौन सा/से गलत है/हैं?

1. यह पश्चिम में भूमध्य सागर की ओर खुलता है।
2. यह इज़राइल, सीरिया और जॉर्डन के साथ सीमा साझा करता है।
3. यह वेस्ट बैंक क्षेत्र को स्पर्श करता है।

विकल्प:

a) केवल 1
b) केवल 2 और 3
c) केवल 1 और 2
d) उपर्युक्त में से कोई भी नहीं

प्रश्न 40. जैव सूचना विज्ञान में घटनाक्रमों/गतिविधि के संदर्भ में समाचारों में कभी-कभी दिखने वाला पद 'ट्रांसक्रिप्टोम' किसे निर्दिष्ट करता है?

a) जीनोम संपादन में प्रयुक्त एंजाइमों की एक श्रेणी
b) किसी जीव द्वारा अभिव्यक्त mRNA अणुओं की पूर्ण श्रृंखला
c) जीन अभिव्यक्ति की क्रियाविधि का विवरण
d) कोशिकाओं में होने वाले आनुवंशिक उत्परिवर्तनों की एक क्रियाविधि

प्रश्न 41: ई-श्रम के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

1. यह असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों का एक डेटाबेस है।

2. ई-श्रम कार्ड में 12 अंकों का एक अद्वितीय नंबर होता है जो कार्डधारकों को सामाजिक सुरक्षा योजनाओं तक पहुंचने में मदद करेगा।
3. इसे वर्ष 2020 में जारी किया गया था।

निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन कीजिए:

a) 1 और 2
b) 1 और 3
c) 2 और 3
d) उपर्युक्त सभी

प्रश्न 42: उत्पाद नवाचार, विकास और वृद्धि (SAMRIDH) के लिए MeitY के स्टार्ट-अप एक्सेलेरेटर के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों में से कौन सा सही है?

a) इसका उद्देश्य भारतीय स्टार्ट-अप की प्रत्यक्ष विदेशी सूचीकरण (listing) की अनुमति देना है।
b) कार्यक्रम का उद्देश्य देश में स्टार्ट-अप पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देना है जहां 300 स्टार्ट-अप को 40 लाख रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी।
c) a और b दोनों
d) न तो a और न ही b

प्रश्न 43: निम्नलिखित युग्मों में से कौन सा/से सुमेलित है/हैं?

| | संयंत्र | देश |
|---|---|---|
| 1. | मेट्समोर परमाणु ऊर्जा संयंत्र | भारत |
| 2. | फुकुशिमा दाइची परमाणु ऊर्जा संयंत्र | जापान |
| 3. | फोर्डो ईंधन संवर्धन संयंत्र | ईरान |
| 4. | कुडनकुलम | अर्मेनिया |

निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन कीजिए:

a) 1 और 2
b) 1 और 3
c) 2 और 3
d) केवल 2

प्रश्न 44: निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (SEBI) की स्थापना 1988 में प्रतिभूति बाजार को विनियमित करने के लिए एक वैधानिक निकाय के रूप में की गई थी।
2. सेबी के आदेश के खिलाफ सीधे सर्वोच्च न्यायालय में अपील दायर की जा सकती है।
3. सेबी के पास उल्लंघनकर्ता के बैंक खातों को फ्रीज करने का कोई अधिकार नहीं है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से गलत है/हैं?

a) 1 और 2
b) 1 और 3
c) 2 और 3
d) उपर्युक्त सभी

प्रश्न 45: निम्नलिखित में से कौन सा संरक्षित क्षेत्र भारतीय दलदली हिरण (बारासिंघा) की एक उप-प्रजाति के संरक्षण के लिए प्रसिद्ध है जो कठोर जमीन पर अच्छी तरह से पनपता है और विशेष रूप से ग्रामीण है??

a) कान्हा राष्ट्रीय उद्यान
b) मानस राष्ट्रीय उद्यान
c) मुदुमलाई वन्यजीव अभयारण्य
d) ताल छप्पर वन्यजीव अभयारण्य

प्रश्न 46. निजता के अधिकार में निम्नलिखित में से कौन से अधिकार शामिल हैं?

1. अकेला छोड़ दिए जाने का अधिकार
2. भूल जाने का अधिकार
3. चुप रहने का अधिकार

विकल्प:

a) केवल 1 और 2
b) केवल 2 और 3
c) केवल 1 और 3
d) 1, 2 और 3

प्रश्न 47. सांभर झील के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

1. यह राजस्थान में स्थित भारत की सबसे बड़ी अंतर्देशीय लवणीय झील है।
2. यह चारों तरफ से अरावली पहाड़ियों से घिरी हुई है।

3. सांभर झील को रामसर स्थल के रूप में नामित किया गया है।

विकल्प:

a) केवल 1
b) केवल 1 और 3
c) केवल 3
d) 1, 2 और 3

प्रश्न 48. सार्वभौमिक डाक संघ (Universal Postal Union) के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. यह संयुक्त राष्ट्र की एक विशिष्ट एजेंसी है।
2. इसे रोम की संधि के तहत स्थापित किया गया था।
3. यह विश्व का सबसे पुराना अंतर्राष्ट्रीय संगठन है।
4. इसका मुख्यालय स्विट्जरलैंड के जिनेवा में स्थित है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

a) केवल 1
b) केवल 2 और 3
c) केवल 1, 2 और 3
d) 1, 2, 3 और 4

प्रश्न 49. ड्रोन नियम 2021 के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

1. भरे जाने वाले प्रपत्रों की कुल संख्या कम हो गई है।
2. सरकार ने पंजीकरण या लाइसेंस जारी करने से पूर्व सुरक्षा मंजूरी की आवश्यकता को समाप्त कर दिया है।
3. विदेशी स्वामित्व पर रोक लगा दी गई है।

विकल्प:

a) केवल 1 और 2
b) केवल 2 और 3
c) केवल 1 और 3
d) 1, 2 और 3

प्रश्न 50. महारानी विक्टोरिया की उद्घोषणा (1858) का/के उद्देश्य क्या था/थे?

1. भारतीय राज्यों को ब्रिटिश साम्राज्य में मिलाने के किसी भी विचार का परित्याग करना
2. भारतीय प्रशासन को ब्रिटिश क्राउन के अंतर्गत रखना
3. भारत के साथ ईस्ट इंडिया कंपनी के व्यापार को नियमन करना

निम्नलिखित कूट का उपयोग करके सही उत्तर का चयन कीजिए:

a) केवल 1 और 2
b) केवल 2
c) केवल 1 और 3
d) 1, 2 और 3

प्रश्न 51. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. दस डिग्री जलसन्धि (Ten Degree Channel) निकोबार द्वीप समूह को अंडमान द्वीप समूह से अलग करती है।
2. ग्रेट निकोबार बायोस्फीयर रिजर्व यूनेस्को के मैन एंड बायोस्फीयर प्रोग्राम (Man and Biosphere Program) की सूची में शामिल है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

a) केवल 1
b) केवल 2
c) दोनों
d) कोई नहीं

प्रश्न 52 जमरूद की लड़ाई निम्नलिखित में से किसके बीच हुई थी?

a) कोनबाउंग राजवंश के खिलाफ ब्रिटिश साम्राज्य द्वारा
b) बाबर के नेतृत्व में तैमूरी (Timurid) और इब्राहिम लोदी के नेतृत्व में अफगान
c) नेपाल साम्राज्य की गोरखाली (Gorkhali) सेना और ईस्ट इंडिया कंपनी की ब्रिटिश सेना
d) अफगानिस्तानी अमीरात और सिख साम्राज्य

प्रश्न 53. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. अपस्ट्रीम तेल एवं गैस उद्योग में भूमिगत या पानी के नीचे कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस क्षेत्रों की संभावित खोज शामिल है।

2. अपस्ट्रीम तेल एवं गैस क्षेत्र में परिचालन में संलग्न कंपनियां ग्राहकों के सबसे करीब होती हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

a) केवल 1
b) केवल 2
c) दोनों
d) कोई नहीं

प्रश्न 54. 'ब्लैक होल' अंतरिक्ष में एक पिंड है जिससे किसी भी तरह का विकिरण बाहर नहीं आ पाता है। ऐसा निम्नलिखित में से इसकी कौन सी विशेषता के कारण होता है?

a) बड़ा आकार
b) छोटा आकार
c) कम घनत्व
d) उच्च घनत्व

प्रश्न 55. भुगतान सन्तुलन के संदर्भ में निम्नलिखित में से किससे/किनसे चालू खाता बनता है?

1. व्यापार सन्तुलन
2. विदेशी परिसम्पत्तियाँ
3. अदृश्यों का सन्तुलन
4. विशेष आहरण अधिकार

निम्नलिखित कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

a) केवल 1
b) 2 और 3
c) 1 और 3
d) 1, 2 और 4

प्रश्न 56. निम्नलिखित में से कौन सा सुपर महाद्वीप (Supercontinent) निओप्रोटेरोज़ोइक युग के दौरान मौजूद था?

a) रॉडिनिया
b) वालबारा
c) पैंथालासा

d) पैंजिया

प्रश्न 57. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. बीसीजी टीका वर्तमान में टीबी के लिए एकमात्र लाइसेंस प्राप्त टीका है।
2. उच्च बीसीजी प्रभावकारिता (efficacy) भौगोलिक क्षेत्रों के भूमध्य रेखा से दूर होने से जुड़ी है

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

a) केवल 1
b) केवल 2
c) दोनों
d) कोई नहीं

प्रश्न 58. हाल ही में चर्चा में रहा उडाक (Oodaaq) द्वीप निम्नलिखित में से किसका हिस्सा है?

a) जापान
b) इंडोनेशिया
c) ग्रीनलैंड
d) अंटार्कटिका

प्रश्न 59. सशस्त्र बल विशेष अधिकार अधिनियम (AFSPA) के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

1. सशस्त्र बल विशेषाधिकार अधिनियम (AFSPA) के तहत किसी भी क्षेत्र को 'अशांत' घोषित करने का विकल्प केवल केंद्र सरकार के पास होता है।
2. यह अधिनियम प्रकृति में एक समान नहीं है क्योंकि इसमें प्रत्येक राज्य की स्थिति पर लागू होने वाले विभिन्न खंड शामिल हैं।
3. द्वितीय प्रशासनिक सुधार आयोग ने सिफारिश की कि AFSPA को निरस्त किया जाना चाहिए।

विकल्प:

a) केवल 1
b) केवल 2 और 3
c) केवल 1 और 3
d) 1, 2 और 3

प्रश्न 60. निम्नलिखित में से कौन सा/से पृथ्वी ग्रह पर कार्बन चक्र में कार्बन डाइऑक्साइड का योगदान करता है/करते हैं?

1. ज्वालामुखी क्रिया
2. श्वसन
3. प्रकाश-संश्लेषण
4. जैव पदार्थ का क्षय

निम्नलिखित कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

a) केवल 1 और 3
b) केवल 2
c) केवल 1, 2 और 4
d) 1, 2, 3 और 4

प्रश्न 61. पोषण अभियान समाज के निम्नलिखित में से कौन से वर्गों के लिए पोषण संबंधी परिणामों में सुधार करने हेतु भारत सरकार का प्रमुख कार्यक्रम है**?**

**1.** किशोरियों
**2.** बच्चों
**3.** दिव्यांगों
**4.** गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं
**5.** वरिष्ठ नागरिकों

विकल्प:

**a)** केवल 1 और 2
**b)** केवल 1**,** 2 और 4
**c)** केवल 2**,** 3**,** 4 और 5
**d)** 1**,** 2**,** 3**,** 4 और 5

प्रश्न 62. भारत ने निम्नलिखित में से किस देश के साथ रेसिप्रोकल एक्सचेंज ऑफ़ लॉजिस्टिक्स एग्रीमेंट **(**Reciprocal Exchange of Logistics Agreement-RELOS) नामक समझौता किया है**?**

**a.** जापान
**b.** ऑस्ट्रेलिया
**c.** अमेरीका

d. रूस

प्रश्न 63. केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (CBI) के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. यह गृह मंत्रालय के अधिकार क्षेत्र में कार्य करता है।
2. CBI को दिल्ली विशेष पुलिस स्थापना अधिनियम, 1946 से जांच करने की शक्ति प्राप्त है।
3. CBI के निदेशक को लोकपाल और लोकायुक्त अधिनियम, 2013 द्वारा दो साल के कार्यकाल की सुरक्षा प्रदान की गई है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से गलत है/हैं?

a) केवल 1 और 2
b) केवल 1 और 3
c) केवल 2 और 3
d) 1, 2 और 3

प्रश्न 64. दक्षिण चीन सागर के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. यह हिंद महासागर और प्रशांत महासागर को जोड़ता है।
2. यह ताइवान जलडमरूमध्य द्वारा पूर्वी चीन सागर से और लुजोन जलडमरूमध्य द्वारा फिलीपीन सागर से जुड़ा हुआ है।
3. स्कारबोरो शोल द्वीप पर फिलीपींस, चीन और ताइवान द्वारा दावा किया जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

a) केवल 1
b) केवल 1 और 2
c) केवल 2 और 3
d) 1, 2 और 3

प्रश्न 65. इनमें से किस मुग़ल सम्राट ने सचित्र पांडुलिपियों से ध्यान हटाकर चित्राधार (एलबम) और वैयक्तिक रूपचित्रों पर अधिक जोर दिया?

a) हुमायूँ
b) अकबर
c) जहाँगीर
d) शाहजहाँ

प्रश्न 66. निम्नलिखित में से कौन मुफ्त कानूनी सेवाओं के हकदार हैं?

1. बीपीएल कार्डधारक।
2. एक महिला अपनी आय या वित्तीय स्थिति के निरपेक्ष मुफ्त कानूनी सहायता की हकदार होती है।
3. एक औद्योगिक कार्यकर्ता।
4. अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति का कोई सदस्य।

विकल्प:

a) केवल 1
b) केवल 1 और 4
c) केवल 2, 3 और 4
d) 1, 2, 3 और 4

प्रश्न 67. निम्नलिखित में से कौन प्रत्यक्ष धान बीजारोपण (DSR) के लाभ हैं?

1. सिंचाई के पानी की बचत होती है।
2. कम श्रम की आवश्यकता होती है।
3. रोपण लागत की बचत होती है।
4. ऊर्जा की बचत होती है।

विकल्प:

a) केवल 1, 2 और 3
b) केवल 2, 3 और 4
c) केवल 1, 3 और 4
d) 1, 2, 3 और 4

प्रश्न 68. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 के तहत अपंगता के मौजूदा प्रकारों को 7 से बढ़ाकर 21 कर दिया गया है और राज्य सरकारों के पास अपंगता के और अधिक प्रकारों को जोड़ने की शक्ति होगी।
2. बेंचमार्क विकलांगता से पीड़ित 6 से 18 वर्ष के प्रत्येक बच्चे को मुफ्त शिक्षा का अधिकार होगा।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से गलत है/हैं?

a) केवल 1
b) केवल 2

c) दोनों
d) कोई भी नहीं

प्रश्न 69. निम्नलिखित कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं**?**

1. हलम जनजाति त्रिपुरा**,** असम और सिक्किम राज्य के मूल निवासी हैं।
2. लोंगई नदी भारत और म्यांमार में एक सीमापारिक नदी है।

विकल्प:

a) केवल 1
b) केवल 2
c) दोनों
d) कोई भी नहीं

प्रश्न 70. निम्नलिखित में से किस दल की स्थापना डॉ. बी. आर. अम्बेडकर ने की थी**?**

**1.** द पीजेंट्स एंड वर्कर्स पार्टी ऑफ इंडिया
**2.** ऑल इंडिया सिडयूल्ड कास्ट्स फेडरेशन
**3.** इंडिपेंडेंट लेबर पार्टी

निम्नलिखित कूट का प्रयोग कर सही उत्तर का चयन कीजिए:

**a)** केवल 1 और 2
**b)** केवल 2 और 3
**c)** केवल 1 और 3
d) 1**,** 2 और 3

प्रश्न 71. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. अनुच्छेद 22 के तहत निहित निवारक निरोध के तहत किसी व्यक्ति को तीन महीने से अधिक समय तक नजरबंद नहीं किया जा सकता है।
2. नजरबंदी के आधारों को बंदियों को सूचित किया जाना चाहिए।
3. संसद और राज्य विधानमंडल दोनों राज्य की सुरक्षा, रक्षा, सार्वजनिक व्यवस्था के रखरखाव से संबंधित कारणों के लिए निवारक निरोध का कानून बना सकते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

a) केवल 1 और 2
b) केवल 2 और 3
c) केवल 1 और 3
d) 1, 2 और 3

प्रश्न 72. जीका वायरस रोग के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

1. यह मुख्य रूप से एडीज मच्छरों द्वारा संचरित एक वायरस के कारण होता है।
2. गर्भावस्था के दौरान जीका वायरस के संक्रमण से शिशुओं का जन्म माइक्रोसेफली (microcephaly) के साथ हो सकता है।

विकल्प:

a) केवल 1
b) केवल 2
c) दोनों
d) कोई भी नहीं

प्रश्न 73. निम्नलिखित कथनों में से कौन सा कोपेनहेगन आम सहमति का सर्वोत्तम वर्णन करता है?

a) यह एक ऐसी परियोजना है जो कल्याणकारी अर्थशास्त्र के सिद्धांत पर आधारित पद्धतियों का उपयोग करके वैश्विक कल्याण को आगे बढ़ाने के लिए प्राथमिकताओं को स्थापित करने का प्रयास करती है।
b) इसका उद्देश्य मानव स्वास्थ्य, कृषि और पर्यावरण की रक्षा के लिए अल्पकालिक जलवायु प्रदूषकों में तेजी से कमी लाना है।
c) यह मुक्त बाजार आर्थिक विचारों के एक समूह को संदर्भित करता है।
d) यह वन्यजीवों और आवासों के संरक्षण से संबंधित एक अंतर-सरकारी संधि है।

प्रश्न 74. निम्नलिखित में से कौन सी पहलें सरकार द्वारा अल्पसंख्यक समुदायों के कल्याण और उत्थान के लिए शुरू की गई हैं?

1. उस्ताद (USTAAD)
2. हमारी धरोहर
3. नई मंजिल
4. सखी योजना
5. सांस्कृतिक सद्भाव मंडप

विकल्प:

a) केवल 1, 2 और 4
b) केवल 2, 3, 4 और 5
c) केवल 1, 2, 3 और 5
d) केवल 1, 2, 3 और 4

प्रश्न 75. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए:

1. राधाकांत देब - ब्रिटिश इंडियन एसोसिएशन के प्रथम अध्यक्ष
2. गजुलु लक्ष्मीनारसु चेट्टी - मद्रास महाजन सभा के संस्थापक
3. सुरेंद्रनाथ बनर्जी - इंडियन एसोसिएशन के संस्थापक

उपर्युक्त युग्मों में से कौन सा/से सुमेलित है/हैं?

a) केवल 1
b) केवल 1 और 3
c) केवल 2 और 3
d) 1, 2 और 3

प्रश्न 76. चमन परियोजना के संबंध में दिए गए कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

1. किसान की आय बढ़ाने हेतु बागवानी क्षेत्र को रणनीतिक विकास प्रदान करने के लिए यह एक अग्रणी परियोजना है।
2. चमन परियोजना के तहत चावल, गेहूं, सरसों और जूट जैसी फसलों का मूल्यांकन रिमोट सेंसिंग तकनीक और उपग्रहों का उपयोग करके किया जाता है।

विकल्प:

a) केवल 1
b) केवल 2
c) 1 और 2 दोनों
d) न तो 1, न ही 2

प्रश्न 77. दिए गए कथनों में से कौन सा/से गलत है/हैं?

1. पोलीलुर की लड़ाई और पोर्टो नोवो की लड़ाई तीसरे आंग्ल-मैसूर युद्ध के भाग के रूप में लड़ी गई थी।
2. तीसरे आंग्ल-मैसूर युद्ध के बाद हस्ताक्षरित मैंगलोर की संधि के अनुसार, टीपू सुल्तान को अपना बकाया भुगतान करने तक अपने दो बेटों को ज़मानत के रूप में अंग्रेजों को सौंपना था।

3. तीसरे आंग्ल-मैसूर युद्ध के बाद मैसूर अंग्रेजों के सहायक गठबंधन का हिस्सा बन गया था।

विकल्प:

a) केवल 1
b) केवल 2
c) 1, 2 और 3
d) उपर्युक्त में से कोई भी नहीं

प्रश्न 78. सौभाग्य योजना के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. यह योजना ग्रामीण क्षेत्रों में सभी घरों (APL और गरीब परिवारों दोनों) और शहरी क्षेत्रों में गरीब परिवारों को मुफ्त बिजली प्रदान करने के लिए शुरू की गई थी।
2. ग्रामीण विद्युतीकरण निगम (REC) इस योजना की नोडल एजेंसी है।
3. योजना के तहत मुफ्त बिजली कनेक्शन के लिए लाभार्थी परिवारों की पहचान सामाजिक आर्थिक और जाति जनगणना 2011 के डेटा का उपयोग करके की जाती है।

दिए गए कथनों में से कौन सा/से गलत है/हैं?

a) केवल 1
b) केवल 2 और 3
c) केवल 3
d) केवल 1 और 3

प्रश्न 79. निम्नलिखित में से कौन कॉयर जियो टेक्सटाइल (Coir Geo Textiles) के अनुप्रयोग हैं?

1. वर्षा जल संचयन
2. त्वरित वनस्पति को बढ़ावा
3. सड़क फुटपाथों में उप-श्रेणी की मिट्टी के सामर्थ्य में सुधार
4. मृदा अपरदन को रोकने के लिए पार्श्व ढलानों का स्थिरीकरण
5. सड़कों का निर्माण

विकल्प:

a) केवल 1, 2, 3 और 4
b) केवल 2
c) केवल 2, 4 और 5

d) 1, 2, 3, 4 और 5

प्रश्न 80. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए:

| समाचारों में कभी-कभी उल्लिखित समुदाय | | किसके मामले में |
|---|---|---|
| 1. कुर्द | : | बांग्लादेश |
| 2. मधेसी | : | नेपाल |
| 3. रोहिंग्या | : | म्यांमार |

उपर्युक्त युग्मों में से कौन सा/से सुमेलित है/हैं?

a) 1 और 2
b) केवल 2
c) 2 और 3
d) केवल 3

प्रश्न 81. 'परियोजना हिमांक' क्या है?

a) यह हिमालय में स्थित एक उच्च तुंगता वाला अनुसंधान केंद्र है।
b) यह लद्दाख के हानले में भारतीय खगोलीय वेधशाला (IAO) में स्थित देश का पहला रोबोटिक टेलीस्कोप है।
c) यह हिमालयी बटेर की सुरक्षा के लिए भारत सरकार की एक पहल है।
d) यह लद्दाख क्षेत्र में सीमा सड़क संगठन (BRO) की एक परियोजना है।

प्रश्न 82. अन्नामलाई के उड़ने वाले मेंढक (Anaimalai flying frog) के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. यह पश्चिमी घाट के दक्षिणी भाग के लिए स्थानिक है।
2. यह IUCN (International Union for Conservation of Nature) में विलुप्तप्राय के रूप में वर्गीकृत है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

a) केवल 1
b) केवल 2
c) दोनों
d) कोई भी नहीं

प्रश्न 83. निम्नलिखित कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

1. खान और खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम, 1957 के तहत रेत एक गौण खनिज है।
2. अधिनियम राज्य सरकारों को गौण खनिज रियायतों के अनुदान को विनियमित करने के लिए नियम बनाने का अधिकार देता है।
3. प्रादेशिक जल या भारत के अनन्य आर्थिक क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले समुद्र के नीचे के खनिजों पर केंद्र सरकार का अधिकार है।

विकल्प:

a) केवल 1 और 2
b) केवल 2 और 3
c) केवल 1 और 3
d) 1, 2 और 3

प्रश्न 84. भारतीय क्षेत्रीय नेविगेशन उपग्रह प्रणाली (NavIC) के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों में से कौन सा/से गलत है/हैं?

1. इसे भारत के साथ-साथ इसकी सीमा से 1500 किमी तक के क्षेत्र में उपयोगकर्ताओं को सटीक स्थिति सूचना (accurate position information) सेवा प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है।
2. इसरो ने IRNSS श्रृंखला में कुल आठ उपग्रहों का निर्माण किया है, जिनमें से सात वर्तमान में कक्षा में स्थापित हैं, इनमें से तीन उपग्रह भूस्थैतिक कक्षा (Geosynchronous equatorial orbit-GEO) में हैं जबकि शेष भू-समकालिक कक्षा (GSO) में हैं।

विकल्प:

a) केवल 1
b) केवल 2
c) दोनों
d) कोई भी नहीं

प्रश्न 85. भारत में निम्नलिखित में से किसकी कृषि तथा संबद्ध गतिविधियों में ऋण के वितरण में सबसे अधिक हिस्सेदारी है?

**a)** वाणिज्यिक बैंकों की
**b)** सहकारी बैंकों की
**c)** क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों की

d) सूक्ष्म-वित्त संस्थाओं की

प्रश्न 86. EOS-03 उपग्रह के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

1. यह भारतीय रक्षा बलों के लिए इसरो द्वारा विकसित पहला सैन्य संचार उपग्रह है।
2. यह नौसेना के युद्धपोतों, पनडुब्बियों और समुद्री विमानों को वास्तविक-समय के आधार पर सूचना और उच्च समुद्रों में इसकी नौसैनिक संपत्तियों को नेटवर्किंग क्षमताएं प्रदान करता है।

विकल्प:

a) केवल 1
b) केवल 2
c) दोनों
d) कोई भी नहीं

प्रश्न 87. निम्नलिखित में से कौन सा/से सुमेलित है/हैं?

| | द्वीप | देश |
|---|---|---|
| 1. | असम्पशन द्वीप | सेशेल्स |
| 2. | अगलेगा द्वीप | मालदीव |
| 3. | गाधू द्वीप | मॉरीशस |

विकल्प:

a) केवल 1
b) केवल 1 और 3
c) केवल 2
d) 1, 2 और 3

प्रश्न 88. सुरेंद्रनाथ बनर्जी के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. बनर्जी भारत के पहले राजनीतिक संगठनों में से एक, भारतीय राष्ट्रीय संघ के संस्थापक थे।
2. बनर्जी ने 'द बंगाली' अखबार प्रकाशित किया।
3. बनर्जी ने 1909 में मॉर्ले-मिंटो सुधारों का समर्थन किया, लेकिन महात्मा गांधी द्वारा समर्थित सविनय अवज्ञा की प्रस्तावित पद्धति के आलोचक थे।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

a) केवल 1
b) केवल 2 और 3
c) 1, 2 और 3
d) कोई भी नहीं

प्रश्न 89. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए:

| समाचार में रहे महोत्सव | राज्य |
|---|---|
| 1. संगाई महोत्सव | मणिपुर |
| 2. बेहदीनखलम महोत्सव | मिजोरम |
| 3. हॉर्नबिल महोत्सव | नागालैंड |

उपर्युक्त युग्मों में से कौन सा/से सुमेलित है/हैं?

a) केवल 1
b) केवल 2 और 3
c) केवल 1 और 3
d) 1, 2 और 3

प्रश्न 90. साल दर-साल लगातार घाटे का बजट रहा है। घाटे को कम करने के लिये सरकार द्वारा निम्नलिखित में से कौन सी कार्रवाई/कार्रवाईयाँ की जा सकती है/हैं?

1. राजस्व व्यय को घटाना
2. नवीन कल्याणकारी योजनाओं को प्रारंभ करना
3. सहाकियी (सब्सिडी) को युक्तिसंगत बनाना
4. आयात-शुल्क को कम करना

निम्नलिखित कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए:

a) केवल 1
b) केवल 2 और 3
c) केवल 1 और 3
d) 1, 2, 3 और 4

प्रश्न 91. संयुक्त राष्ट्र विश्व खाद्य कार्यक्रम के सन्दर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौन-से सही हैं?

1. इसकी स्थापना संयुक्त राष्ट्र विश्व मानवतावादी शिखर सम्मेलन (WHS) में की गई थी।
2. इसका मुख्यालय रोम, इटली में है।
3. इसे दो बार नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है।
4. इसकी प्राथमिकता 2030 तक SDG-2 को हासिल करना है।

विकल्प:

a) केवल 1, 2 और 3
b) केवल 2, 3 और 4
c) केवल 2 और 4
d) केवल 3 और 4

प्रश्न 92. अवनिंद्रनाथ टैगोर के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. उन्होंने 'इंडियन सोसाइटी ऑफ ओरिएंटल आर्ट' की स्थापना की।
2. बुद्ध की विजय (Victory of Buddha) उनके प्रसिद्ध चित्रों में से एक है।
3. उन्होंने 'आमार सोनार बांग्ला' लिखा, जिसने लोगों में राष्ट्रवाद की भावना को जगाने में मदद की।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a) केवल 1
b) केवल 2 और 3
c) केवल 1 और 2
d) 1, 2 और 3

प्रश्न 93. "टाइग्रे क्षेत्र" जो हाल ही में चर्चा में रहा है, इनमें से किन देशों की सीमाओं के साथ लगा हुआ है?

1. इरीट्रिया
2. दक्षिण सूडान
3. सूडान
4. जिबूती

विकल्प:

a) केवल 1, 2 और 4

b) केवल 3 और 4
c) केवल 1 और 3
d) केवल 1 और 4

प्रश्न 94. प्रधानमंत्री ग्रामीण डिजिटल साक्षरता अभियान (PMGDISHA) योजना के संबंध में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. इसका उद्देश्य कौशल विकास के लिए संस्थागत तंत्र को बढ़ाना एवं कार्यबल के लिए गुणवत्ता और बाजार-प्रासंगिक प्रशिक्षण तक पहुंच बढ़ाना है।
2. यह योजना केवल देश के ग्रामीण क्षेत्रों के लिए लागू है।
3. यह योजना कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय द्वारा कार्यान्वित की जाती है।
4. वे सभी परिवार (households) जहां कोई भी सदस्य डिजिटल रूप से साक्षर नहीं है, योजना के तहत पात्र परिवार माने जाएँगे।

विकल्प:

a) केवल 1
b) केवल 2 और 4
c) केवल 1 और 3
d) 1, 2, 3 और 4

प्रश्न 95. 'वान्ना क्राई, पेट्या और इंटरनल ब्लू' नाम जो हाल ही में चर्चा में रहे थे, निम्नलिखित में से किससे संबंधित हैं?

a) एक्सोप्लैनेट्स
b) क्रिप्टो-मुद्रा
c) साइबर आक्रमण
d) लघु उपग्रह

प्रश्न 96. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए:

| समाचार में रहे शहर | देश |
|---|---|
| 1. कुंदुज़ | अफ़ग़ानिस्तान |
| 2. तालोकान | पाकिस्तान |
| 3. सर-ए-पुल | ईरान |

उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सुमेलित है/हैं?

a) केवल 1
b) केवल 1 और 3
c) केवल 2 और 3
d) 1, 2 और 3

प्रश्न 96. प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

1. यह गरीबी रेखा से नीचे (BPL) परिवारों की महिलाओं को LPG कनेक्शन प्रदान करने के लिए पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की एक योजना है।
2. यह योजना BPL परिवारों को प्रत्येक LPG कनेक्शन के लिए वित्तीय सहायता और तेल विपणन कंपनियों द्वारा स्टोव और रिफिल (गैस सिलिंडर की दुबारा भराई) खरीदने के लिए ब्याज मुक्त ऋण प्रदान करती है।

विकल्प:

a) केवल 1
b) केवल 2
c) दोनों
d) कोई भी नहीं

प्रश्न 98. 8888 विद्रोह के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

1. यह हांगकांग में विरोध और प्रदर्शन का एक अनुक्रम था।
2. यह एक नया राष्ट्रीय सुरक्षा कानून पेश करने के चीन के प्रस्ताव के खिलाफ था।

विकल्प:

a) केवल 1
b) केवल 2
c) दोनों
d) कोई भी नहीं

प्रश्न 99. हाल ही में चर्चा में रहा इविया द्वीप किस देश का भाग है?

a) इटली
b) यूनान
c) तुर्की
d) फ्रांस

प्रश्न 100. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

लोक लेखा की संसदीय समिति-

1. लोकसभा के अधिकतम 25 सदस्यों से गठित होती है।
2. सरकार के विनियोग और वित्त खातों की जांच करती है।
3. भारत के नियंत्रक-महालेखापरीक्षक की रिपोर्ट की जांच करती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं ?

a) केवल 1
b) केवल 2 और 3
c) केवल 3
d) 1, 2 और 3

## उत्तर सूची सेट 2

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. a | 11. c | 21. a | 31. a | 41. a | 51. c | 61. b | 71. a | 81. d | 91. c |
| 2. b | 12. a | 22. d | 32. d | 42. b | 52. d | 62. d | 72. c | 82. a | 92. c |
| 3. a | 13. c | 23. b | 33. c | 43. c | 53. a | 63. c | 73. a | 83. d | 93. c |
| 4. a | 14. b | 24. c | 34. d | 44. d | 54. d | 64. d | 74. c | 84. b | 94. b |
| 5. b | 15. c | 25. a | 35. b | 45. a | 55. c | 65. c | 75. b | 85. a | 95. c |
| 6. a | 16. a | 26. c | 36. c | 46. a | 56. a | 66. c | 76. a | 86. d | 96. a |
| 7. d | 17. c | 27. a | 37. b | 47. d | 57. c | 67. d | 77. c | 87. a | 97. c |
| 8. a | 18. b | 28. b | 38. d | 48. a | 58. c | 68. a | 78. a | 88. c | 98. d |
| 9. d | 19. c | 29. c | 39. b | 49. a | 59. b | 69. d | 79. d | 89. c | 99. b |
| 10. d | 20. a | 30. c | 40. b | 50. a | 60. c | 70. b | 80. c | 90. c | 100. b |